mppsctarget.com
Be Calm, Work Hard

# मध्य प्रदेश राज्य सेवा
# (प्रारम्भिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र - 2017

**1. ध्वनि तरंगों का सबसे तीव्र प्रगमन होता है।**

**(A) ठोस में** (B) द्रव में
(C) गैस में (D) निर्वात में

**व्याख्या** - ध्वनि तरंगों का सबसे तीव्र प्रगमन (प्रवाह) ठोस में होता हैं जबकि प्रकाश का सबसे तीव्र प्रगमन (प्रवाह) निर्वात में होता है।

**2. मनुष्य की आँख में किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब बनता है।**

(A) कॉर्निया में (B) परितारिका (आइरिस) में
(C) पुतली में **(D) दृष्टिपटल (रेटिना) में**

**व्याख्या** - मनुष्य की आँख में किसी वस्तु का वास्तविक प्रतिबिम्ब दृष्टिपटल (रेटिना) पर बनता है। मनुष्य की आँख में उत्तल लेंस होता है पुतली (Pupil) एक छोटा छिद्र होता है। जिससे प्रतिबिम्ब अंदर रेटिना पर पहुँचता है आइरिस आँख में समंजन का कार्य करता है।

**3. मानवों में गुर्दे निम्नलिखित में से किस प्रणाली के अंग हैं -**

(A) न्यूट्रीशन (B) ट्रान्सपोर्टेशन
**(C) एक्सक्रिशन** (D) रेस्पिरेशन

**व्याख्या** - मानवों में गुर्दे (kideny) एक्सक्रिशन सिस्टम (उत्सर्जन तंत्र) या प्रणाली के अंग है जो अल्ट्रा फिल्ट्रेशन द्वारा रक्त से यूरिया एवं जल अलग कर मूत्र (urine) के रूप शरीर से फिल्ट्रेशन करते है।

**4. निम्निलिखत में से कौन - सा रोग प्रोटोजोआ द्वारा होता है ?**

(A) हैजा (B) डिपथीरिया
(C) निमोनिया **(D) मलेरिया**

**व्याख्या** - मलेरिया प्लाज्मोडियम नामक प्रोटोजोअन जन्तु द्वारा होता है। मनुष्य में मलेरिया चार प्रकार के प्लाज्मोडियम प्रजाति से होता है।

(a) प्लाज्मोडियम वाइवेक्स
(b) प्लाज्मोडियम फेल्सीफेरम
(c) प्लाज्मोडियम मलेरियाई
(d) प्लाज्मोडियम ओवल

**5. संवहन द्वारा ऊष्मा का स्थानान्तरण हो सकता है-**

(A) ठोस एवं द्रव में (B) ठोस एवं निर्वात में
**(C) गैस एवं द्रव में** (D) निर्वात एवं गैस में

**व्याख्या** - संवहन (Convection) द्वारा ऊमा (Heat) का स्थानान्तरण गैस एवं द्रव में हो सकता है।

**6. निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?**

(A) विटामिन A - मैकुलन
(B) विटामिन B - मैकुलन
(C) विटामिन C - जेम्स लिन्ड
**(D) विटामिन D - पॉल मूलर**

**व्याख्या** - (आयोग ने विकल्प (D) विटामिन - D पाल मूलर को सही उत्तर माना है। विटामिन A - मैकुलन विटामिन B - मैकुलन विटामिन C - होल्कट विटामिन D - पाल मूलर

**7. लैन्स की शक्ति मापी जाती है -**

**(A) डाइऑप्टर में** (B) इअन में
(C) ल्यूमेन में (D) कैडेला में

**व्याख्या** - लैन्स की शक्ति डाइऑप्टर में मापी जाती है जबकि ज्योति तीव्रता को कैडेला में एवं ज्योति फ्लक्स को ल्यूमेन में मापा जाता है।

**8. निम्नलिखित में से किसे एक स्नेहक (लब्रिकेन्ट) के रूप में भी प्रयोग किया जाता है?**

(A) क्यूप्राइट **(B) नेफाइट**
(C) हेमेटाइट (D) क्रायोलाइट

**व्याख्या** - नाभिकीय रिएक्टर में ग्रेफाइट एक स्नेहक (लब्रीकेन्ट) के रूप में कार्य करता है जबकि क्यूप्राइट ताँबा का अयस्क है एवं हेमेटाइट लौह अयस्क है।

**9. ' हास्य गैस ' है**

(A) हाइड्रोजन परऑक्साइड
**(B) नाइट्रस ऑक्साइड**


Contact no:-0522-4334408, 6307281212 6307281212, Email id: smartwayeducation.in@gmail.com
MM-4/34,VINAY KHAND-4, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, U.P. 226010

(C) कार्बन मोनोक्साइड

(D) सल्फर डाइऑक्साइड

**व्याख्या** - नाइट्रस ऑक्साइड हास्य गैस (Laughing gas) है। जबकि कार्बन मोनोक्साइड (CO) विषाक्त गैस है एवं सल्फरडाइ ऑ क्साइड ($SO_2$) अम्लीय वर्षा (Acid rain) के लिये उत्तरदायी गैस है।

**10 . तड़ित् (बिजली चमकना) से वृक्ष में आग भी लग सकती है , क्योंकि इसमें अत्यधिक मात्रा में होती है-**

(A) ऊष्मीय ऊर्जा **(B) विद्युत ऊर्जा**

(C) रासायनिक ऊर्जा (D) नाभिकीय ऊर्जा

**व्याख्या** - तड़ित (बिजली चमकना) से वृक्ष में आग भी लग सकती है क्योंकि इसमें अत्यधिक मात्रा में विद्युत ऊर्जा होती है।

**11 . जम्मू - कश्मीर की आठ वर्षीय तजामुल इस्लाम किस खेल से सम्बंधित है ?**

(A) स्ववॉश **(B) किक बॉक्सिग**

(C) तैराकी (D) फुटबॉल

**व्याख्या** - जम्मू - कश्मीर की आठ वर्षीय तजामुल इस्लाम किक बॉक्सिग खेल से सम्बंधित है।

**12 . इनमें से कौन मध्यप्रदेश का हॉकी खिलाड़ी था ?**

**(A) समीर दाद** (B) कीर्ति पटेल

(C) माइकेल नाथ (D) अमित बनर्जी

**व्याख्या** - समीर दाद मध्यप्रदेश के हाका खिलाड़ी हैं , जिन्होंने वर्ष 2012 के लंदन ओलिम्पिक में भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी के रूप में भाग लिया था , इनके साथ शिवेन्द्रसिंह (ग्वालियर) ने भी भाग लिया था।

**13 . पारसी क्लब की स्थापना से किस खेल की परम्परा प्रारम्भ हुई ?**

(A) हॉकी (B) फुटबॉल

**(C) क्रिकेट** (D) टेबल टेनिस

**व्याख्या** - पारसी क्लब (1800 इन्दौर) की स्थापना के साथ म.प्र. में क्रिकेट खेल की परम्परा प्रारम्भ हुई। बाद में सन् 1941 में कर्नल सीके नायडू के नेतृत्व में होल्कर क्रिकेट एसोसियेशन गठित हुआ अब जिसका नाम परिवर्तित होकर म . प्र . क्रिकेट एसोसिएशन हो गया।

**14 . रूपसिंह स्टेडियम कहाँ स्थित है ?**

**(A) ग्वालियर** (B) इन्दौर

(C) भोपाल (D) जबलपुर

**व्याख्या** - रूपसिंह स्टेडियम ग्वालियर में स्थित क्रिकेट स्टेडियम है। कैप्टन रूपसिंह हॉकी के खिलाड़ी रहे हैं जो मेजर ध्यानचंद के भाई थे , ग्वालियर स्थित रूपसिंह स्टेडियम पहले हॉकी का स्टेडियम था , जिसे बाद में क्रिकेट स्टेडियम के रूप में परिवर्तित किया गया है।

**15 . अमिताभ विजयवर्गीय किस खेल से सम्बंधित है ?**

(A) हॉकी (B) फुटबॉल

**(C) क्रिकेट** (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - अमिताभ विजयवर्गीय क्रिकेट खेल से सम्बंधित है।

**16 . 1987 में खेले गए क्रिकेट विश्व कप का क्या नाम था ?**

**(A) रिलायन्स कप** (B) बेन्सन एण्ड हेजेज कप

(C) विल्स कप (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - क्रिकेट वर्ल्ड कप का नाम वर्ष 1987 विजेता रहा

| | |
|---|---|
| प्रूडेशियल कप | 1983 भारत |
| रिलायंस कप | 1987 ऑस्ट्रेलिया |
| बेन्सन एण्ड हेजेज कप | 1992 पाकिस्तान |
| विल्स कप | 1996 श्रीलंका |

**17 . सचिन तेंदुलकर को अर्जुन पुरस्कार किस वर्ष प्रदान किया गया ?**

(A) 1990 **(B) 1994**

(C) 1997 (C) 1999

**व्याख्या** - क्रिकेटर सचिन तेंदलकर को प्राप्त सम्मान

| सम्मान | वर्ष |
|---|---|
| अर्जुन पुरस्कार | 1994 |
| राजीव गांधी खेल रत्न | 1997 - 98 |
| पद्मश्री | 1999 |
| पद्म विभूषण | 2008 |
| भारतरत्न | 2014 |

**18 . राष्ट्रमण्डल खेलों का प्रारम्भ किस वर्ष हुआ ?**

(A) 1922 (B) 1925

(C) 1927 **(D) 1930**

**व्याख्या** - राष्ट्रमण्डल खेलों का प्रारम्भ वर्ष 1930 से हेमिल्टन (कनाडा) से हुआ तथा भारत ने सर्वप्रथम राष्ट्रमण्डल खेलों एवं दूसरे राष्ट्रमंडल खेलों में 1934 (लंदन) में भाग लिया।

**19 . निम्नलिखित में से कौन - सा देश टी - 20 क्रिकेट विश्व कप (पुरुष) में कभी भी विजेगा नहीं रहा है?**


Contact no:-0522-4334408, 6307281212 6307281212,Email id: smartwayeducation.in@gmail.com
MM-4/34,VINAY KHAND-4, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, U.P. 226010

(A) भारत (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) इंग्लैंड (D) पाकिस्तान

**व्याख्या** - ऑस्ट्रेलिया देश टी - 20 क्रिकेट विश्वकप (पुरुष) में कभी भी (वर्ष 2016 तक) विजेता नहीं रहा है।

| T - 20 वर्ष | क्रिकेट विश्वकप (पुरुष) विजेता |
|---|---|
| 2007 - | भारत |
| 2009 - | पाकिस्तान |
| 2010 - | इंग्लैण्ड |
| 2012 - | वेस्टइण्डीज |
| 2014 - | श्रीलंका |
| 2016 - | वेस्टइण्डीज |

**20 . निम्नलिखित में से किस वर्ष का ओलिम्पिक लंदन में नहीं हुआ था ?**

(A) 2012 (B) 1968
(C) 1948 (D) 1908

**व्याख्या** - वर्ष 1908 , 1948 एवं 2012 अर्थात तीन बार ओलिम्पिक खेल लंदन में आयोजित हुए हैं जबकि वर्ष 1968 में ओलिम्पिक मेक्सिको सिटी में आयोजित हुए थे।

**21 . इन्टरनेट की उस सेवा को , जो ' ऑडियो ' एवं ' वीडियो वार्तालाप प्रदान करती है , कहते हैं ,**

(A) चैट (B) ई - मेल
(C) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (D) वीडियो चैट

**व्याख्या** - इन्टरनेट की उस सेवा को जो " ऑडियो एवं वीडियो "वार्तालाप प्रदान करती है -(C) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं (D) वीडियो चैट कहते हैं। (विकल्प (C) सही है आयोग के अनुसार)

**22 . निम्नलिखित में से कौन - सा वेब ब्राउज़र नहीं है ?**

(A) ओपेरा (B) गूगल ऐप्स
(C) विवाल्डी (D) मोजिला फायरफॉक्स

**व्याख्या** - गूगल एप्स वेब ब्राउजर नहीं है जबकि ओपेरा , विवाल्डी एवं मोजिला फायरफॉक्स वेब ब्राउजर है।

**23 . कम्प्यूटर सुरक्षा के संदर्भ में क्रेकर्स किस नाम से जाने जाते हैं ?**

(A) ब्लैक हैट हैकर्स (B) व्हाइट हैट हैकर्स
(C) एलीट हैकर्स (D) स्क्रिप्ट किड्डी

**व्याख्या** - कम्प्यूटर सुरक्षा के संदर्भ में क्रेकर्स ब्लेक हैट हैकर्स के नाम से जाने जाते हैं।

**24 . डक डक गो (Duck Duck GO) हैं , एक -**

(A) सर्च इंजन (B) वेब ब्राउजर
(C) वाइरस (D) न्यूज वेबसाइट

**व्याख्या** - डक डक गो (Duck Duck Go) एक सर्च इंजन है।

**25 . ईथरनेट (Ethernet) एक उदाहरण है।**

(A) मेन (MAN) का (B) लेन (LAN) का
(C) वेन (WAN) का (D) वाई - फाई (Wi - Fi) का

**व्याख्या** - ईथरनेट लेन (लोकल एरिया नेटवर्क) का उदाहरण है।

**26 . मोडेम (Modem) परिवर्तित करता हैं।**

(A) ऐनालॉग सिग्नलों को डिजिटल सिग्नलों में
(B) डिजिटल सिग्नलों को ऐनालॉग सिग्नलों में
(C) दोनों (A) तथा (B)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**व्याख्या** - मोडेम (Modem) ऐनालॉग सिग्नलों को डिजिटल सिग्नलों में एवं डिजिटल सिग्नलों को ऐनालॉग सिग्नलों में परिवर्तित करता है।

**27 . निम्नलिखित में से किस अधिनियम ' संवैधानिक निरंकुशता का सिद्धान्त ' प्रवृत्त किया गया ?**

(A) 1909 का भारतीय काउन्सिल अधिनियम
(B) 1919 का भारत सरकार अधिनियम
(C) 1935 का भारत सरकार अधिनियम
(D) 1947 का भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम

**व्याख्या** - आयोग द्वारा जारी मॉडल आन्सरशीट के अनुसार 1935 का भारत सरकार अधिनियम द्वारा संवैधानिक निरंकुशता का सिद्धांत प्रवृत्त किया गया।

**28 . गाजी मलिक किस वंश का संस्थापक था ?**

(A) तुगलक (B) खिलजी
(C) सैय्यद (D) लोदी

**व्याख्या** - दिल्ली सल्तनत राजवंश संस्थापक तुगलक (1320 - 1413) गाजी मलिक (गयासुद्दीन तुगलक) खिलजी (1290 - 1320) जलालुद्दीन खिलजी सैयद (1414 - 1450) खिज्र खाँ लोदी (1451 - 1526) बहलोल लोदी

**29 . ' भारतीय पुरातत्व का जनक ' किसे कहा गया है ?**

(A) अलेक्जेंडर कनिंघम (B) जॉन मार्शल
(C) मॉर्टिमर व्हीलर (D) जेम्स प्रिंसेप

**व्याख्या** - भारतीय पुरातत्व का जनक " अलेक्जेंडर कनिंघम को कहा जाता है जबकि जॉन मार्शल के नेतृत्व में हड़प्पा सभ्यता की खदाई हुई एवं जेम्स प्रिंसेप ने सर्वप्रथम (1837) मौर्य सम्राट अशोक के शिलालेखों को पढ़ने में सफलता प्राप्त की।

**30 . राममोहन राय को ' राजा ' की उपाधि से किसने विभूषित किया ?**

(A) औरंगज़ेब (B) रॉबर्ट क्लाइव

(C) महात्मा गाँधी **(D) मुगल सम्राट अकबर द्वितीय**

**व्याख्या** - राममोहन राय को ' राजा ' की उपाधि मुगल सम्राट अकबर द्वितीय ने प्रदान की थी।

**31 . 1909 का अधिनियम सम्बंधित था -**

**(A) पृथक मताधिकार - क्षेत्र के लागू करने से**

(B) विकेन्द्रीकरण से

(C) द्वैध - शासन से

(D) विधान परिषद् से

**व्याख्या** - 1909 का अधिनियम मुस्लिम समुदाय के लिए साम्प्रदायिक आधार पर पृथक् मताधिकार क्षेत्र के लागू करने से था , इस अधिनियम को ' माले - मिण्टो सुधार ' के नाम से भी जाना जाता है।

**32 . 1194 के चन्दावर के युन्द्र में मुहम्मद गोरी ने किसे हराया था ?**

(A) कुमारपाल **(B) जयचन्द**

(C) गोविन्दराज (D) भीम द्वितीय

**व्याख्या** - 1194 ई . के चंदावर के युद्ध में मुहम्मद गोरी ने कन्नौज शासक जयचंद को हराया था।

**33 . दिल्ली सल्तनत के किस वंश ने सबसे कम समय तक शासन किया ?**

**(A) खिलजी** (B) तुगलक

(C) सैय्यद (D) लोदी

**व्याख्या**- दिल्ली सल्तनत शासकाल कुल अवधि राजवंश खिलजी वंश (1290 - 1320) 30 वर्ष तुगलक वंश (1320 - 1413) 93 वर्ष सैय्यद वंश (1414 - 1450) 36 वर्ष लोदी (1451 - 1526) 75 वर्ष

**34 . लॉर्ड डफरिन के वायसराय काल की एक महत्वपूर्ण घटना थी-**

(A) रामकृष्ण मिशन की स्थापना

(B) ढाका में मुस्लिम लीग की स्थापना

**(C) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना**

(D) प्रथम जनगणना की शुरुआत

**व्याख्या** - लॉर्ड डफरिन के वायसराय काल (1884 - 88) की एक महत्वपूर्ण घटना 28 दिसम्बर 1885 को ए . ओ . ह्यूम के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की।

**35 . इनमें से कौन सबसे कम आय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनने वाला व्यक्ति था ?**

(A) जवाहरलाल नेहरू **(B) अबुल कलाम आजाद**

(C) आनन्द मोहन बोस (D) भूपेन्द्रनाथ बोस

**व्याख्या** - अबुल कलाम आजाद सबसे कम उम्र 26 वर्ष में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बनने वाले व्यक्ति थे (सन् 1923 दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन की अध्यक्षता की)। अबुल कलाम आजाद सर्वाधिक समय तक (वर्ष 1940 से 1946) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे (स्वतंत्रता से पूर्व)।

**36 . भारत में नियमित एवं वैज्ञानिक ढंग से जनगणना किस वर्ष से प्रारम्भ हुई ?**

(A) 1861 (B) 1871

**(C) 1881** (D) 1891

**व्याख्या** - भारत में नियमित एवं वैज्ञानिक ढंग से जनगणना सन 1881 में लॉर्ड रिपन के शासनकाल में हुई थी जबकि भारत में सर्वप्रथम जनगणना सन 1872 में लॉर्ड मेयो के शासनकाल में हुई थी।

**37 . इनमें से किसने द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग नहीं लिया था।**

(A) महादेव देसाई (B) प्यारेलाल नैय्यर

(C) मदन मोहन मालवीय **(D) जवाहरलाल नेहरू**

**व्याख्या** - सन् 1931 में लंदन में आयोजित द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में महात्मा गाँधी ने भाग लिया था तथा महादेव देसाई , प्यारेलाल नैयर (नय्यर) , मदनमोहन मालवीय , एनी बेसेण्ट एवं डॉ . वी . आर . अम्बेडकर ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया था जबकि जवाहरलाल नेहरू ने भाग नहीं लिया था।

**38 . निम्नलिखित में से कौन - सा देश कैस्पियन सागर सीमा नहीं बनाता है ?**

(A) अजरबैजान (B) ईरान
(C) इराक (D) कजाकिस्तान

**व्याख्या** - अजरबैजान , कजाकिस्तान , ईरान , तुर्कमेनिस्तान, रूस कैस्पियन सागर से सीमा बनाता है जबकि इराक कैस्पियन सागर से सीमा नहीं बनाता है।

**39 . कयाल क्या है ?**
(A) तराई मैदान (B) गंगा डेल्टा
(C) दक्कन पठार की रेगड़ **(D) केरल के लैगून**

**व्याख्या** - कयाल केरल के लैगून (कोरल रीफ्स) है , जो सीलेण्टेट्स जंतुओ के द्वारा बनते हैं।

**40. निम्नलिखित में से कौन - सा सही सुमेलित नहीं है ?**
(A) कैनियन - नदी **(B) ज्यूजन - वायु**
(C) इन्सेलबर्ग - हिमनद (D) मोरेन - हिमनद

**व्याख्या** - इन्सेलबर्ग हिमनद सही समेलित नहीं जबकि कैनियन नदी , ज्यूजन वायु , मोरेन हिमनद सही सुमेलित है।

**41 . स्ट्रॉम्बोली है , एक-**
(A) प्रसुप्त ज्वालामुखी
**(B) जागृत ज्वालामुखी**
(C) निर्वापित ज्वालामुखी
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - स्ट्राम्बोली एक जागृत ज्वालामुखी हैं जिसे भूमध्यसागर का प्रकाश स्तम्भ कहा जाता है।

**42 . जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया ?**
(A) 1980 **(B) 1974**
(C) 1981 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या** - जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम वर्ष 19741 में लागू किया गया।

**43 . 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में जनसंख्या घनत्व है -**
(A) 325 (B) 335
**(C) 382** (D) 385

**व्याख्या** - वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

**44 . निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?**
(A) लिपुलेख - उत्तराखण्ड
**(B) नाथुला - अरुणाचल प्रदेश**
(C) रोहतांग - हिमाचल प्रदेश
(D) पालघाट - केरल

**व्याख्या** - नाथुला दर्रा अरुणाचल प्रदेश में नहीं बल्कि सिक्किम राज्य में स्थित है इसलिए यह सही सुमेलित नहीं है।

**45 . समप्राय मैदान सम्बंधित है**
(A) वायु से (B) भूमिगत जल से
(C) हिमनद से **(D) नदी से**

**व्याख्या** - समप्राय मैदान (Peneplain) नदी से सम्बंधित है।

**46 . निम्नलिखित में से कौन - सा क्षेत्र ' टोडा जनजाति ' का मूल निवास - क्षेत्र है ?**
(A) जौनसार पहाड़ियाँ (B) गारो पहाड़ियाँ
**(C) नीलगिरि पहाड़ियाँ** (D) जयन्तिया पहाड़ियाँ

**व्याख्या** - नीलगिरि पहाड़ियाँ (तमिलनाड) क्षेत्र टोडा जनजाति का मूल निवास क्षेत्र है , टोडा पशुपालक जनजाति है।

**47 . रास तनुरा तेल शोधनशाला कहाँ स्थित है ?**
(A) ईरान (B) संयुक्त राज्य अमेरिका
**(C) सऊदी अरब** (D) इराक

**व्याख्या** - रास तनुरा तेल शोधनशाला सऊदी अरब में स्थित है।

**48 . अफीम का वानस्पतिक नाम क्या है ?**
(A) एम्बलिका आफिसिनैलिस
**(B) पैपेवर सोम्नीफेरम**
(C) रौवॉल्फिया सर्पेन्टाइना (D) सिनकोना स्पीशीज

| **व्याख्या** - **सामान्य नाम** | **- वानस्पतिक नाम** |
|---|---|
| 1. अफीम - | पैपेवर सोम्नीफेरम |
| 2. भाँग - | एम्बलिका आफिसिनैलिस |
| 3. सर्पेन्टाइना - | रौवाल्फिया सर्पेन्टाइना |
| 4. सिनकोना - (कुनैन) | वेलोट्रोपा सिनकोना |

**49 . विश्व से चेचक का उन्मूलन घोषित हुआ -**
(A) 1975 में **(B) 1980 में**
(C) 1996 में (D) 2008 में

**व्याख्या** - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा विश्व से चेचक (Small pox) का उन्मूलन वर्ष 1980 में घोषित हुआ।

**50 . जीवाणुभोजी (बैक्टीरियोफेज) है**
(A) पूँछयुक्त जीवाणु (B) नवनिर्मित जीवाणु

(C) विषाणु को संक्रमित करने वाला जीवाणु

**(D) जीवाणु को संक्रमित करने वाला विषाणु**

**व्याख्या** - जीवाणुभोजी (बैक्टीरियोफेज) जीवाणु को संक्रमित कर नष्ट करने वाला विषाणु (वायरस) है। बैक्टीरियोफेज के कारण ही गंगा नदी के जल में जीवाणु नहीं पनप पाते हैं।

**51. पौधों में अर्द्धसूत्री विभाजन के अध्ययन के लिए सबसे उपयुक्त भाग होगा-**

(A) प्ररोह शीर्ष (B) मूल शीर्ष

**(C) परागकोश** (D) पर्ण कोशिका

**व्याख्या** - पौधों में अर्द्धसूत्री विभाजन (Meosis) के अध्ययन के लिये सबसे उपयुक्त भाग परागकोश (Anthers) है।

**52. राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मई 2016 में निम्नलिखित में से किस देश की यात्रा की ?**

(A) जापान (B) म्यांमार

**(C) चीन** (D) फ्रांस

**व्याख्या** - राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मई 2016 में चीन देश की यात्रा की थी।

**53. सानिया मिर्जा के मिक्स्ड डबल्स का पार्टनर इवान डोडिज किस देश से है ?**

(A) स्वीडन (B) स्विट्जरलैंड

(C) रूस **(D) क्रोएशिया**

**व्याख्या** - भारत की टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा के फ्रेंच मिक्स डबल्स (टेनिस) 2016 का पार्टनर इवान डोडिज क्रोएशिया देश से है।

**54. सुहेल सेठ की उस पुस्तक का नाम क्या है , जिसका विमोचन जून 2016 में लंदन में हुआ ?**

**(A) मंत्राज फॉर सक्सेस** (B) डार्क हॉर्स

(C) विंग्स आफ फायर (D) मसीहा

**व्याख्या** - सुहेल सेठ की पुस्तक ' मंत्राज फॉर सक्सेज है , जिसका विमोचन जून 2016 में लंदन में हुआ।

**55. खजुराहो मंदिर से चोरी हुई उस प्रतिमा का क्या नाम था , जिसे कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सौंपा ?**

(A) गोल्डन पैरट (B) सिंगिंग पैरट

(C) टॉकेटिव पैरट **(D) पैरट लेडी**

**व्याख्या** - खजुराहो मंदिर से चोरी हुई प्रतिमा का नाम पैरट लेडी है। जिसे कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री को सौंपा।

**56. निम्नलिखित में से कौन - सी पुस्तक कालिदास द्वारा लिखित नहीं है ?**

(A) मेघदूतम् (B) कुमारसम्भवम्

**(C) उत्तररामचरितम्** (D) ऋतुसंहारम्

**व्याख्या** - कालिदास द्वारा लिखित पुस्तकें हैं - कुमारसम्भवम् , मेघदूतम् एवं ऋतुसंहारम् जबकि उत्तररामचरितम् भवभूति द्वारा लिखित पुस्तक

**57. मध्यप्रदेश का सबसे पुराना संगीत महाविद्यालय , 'माधव संगीत महाविद्यालय ' , कहाँ स्थित है?**

(A) रायपुर (B) इन्दौर

(C) भोपाल **(D) ग्वालियर**

**व्याख्या** - मध्यप्रदेश का सबसे पुराना संगीत महाविद्यालय माधव संगीत महाविद्यालय ग्वालियर में है।

**58. एक ' बंद अर्थव्यवस्था ' वह अर्थव्यवस्था है , जिसमें**

(A) मुद्रा - पूर्ति पूर्ण रूप से नियंत्रित है

(B) घाटा वित्तीयन होता है।

(C) केवल निर्यात होते है

**(D) न निर्यात और न ही आयात होते है**

**व्याख्या** - एक ' बंद अर्थव्यवस्था ' वह अर्थव्यवस्था है जिसमें न निर्यात और न ही आयात होते है।

**59. 12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि है**

(A) 2007 - 2012 **(B) 2012 - 2017**

(C) 2010 - 2015 (D) 2006 - 2011

**व्याख्या** - 12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि वर्ष 1 अप्रैल 20121 से 31 मार्च 2017 है।

**60. ' इंडिया विजन 2020 ' किसके द्वारा तैयार किया गया-**

**(A) एस . पी . गुप्ता समिति**

(B) पंत समिति

(C) मल्होत्रा समिति (D) नरसिम्हा समिति

**व्याख्या** - इंडिया विजन 2020 एस . पी . गुप्ता समिति द्वारा दिसम्बर 2002 में तैयार किया गया था।

**61. निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?**

(A) प्रथम विश्व जलवायु सम्मेलन - 1979

(B) प्रथम पृथ्वी शिखर सम्मेलन - एजेन्डा 21

(C) पृथ्वी शिखर सम्मेलन + 5 - 1997

**(D) कार्बन व्यापार - मांट्रियल प्रोटोकॉल**

**व्याख्या** - मॉन्ट्रियाल प्रोटोकॉल (1987) ओजोन परत संरक्षण से है। न कि कार्बन व्यापार से है। जबकि उपर्युक्त विकल्प (A) (B) एवं I (C) सही हैं प्रथम विश्व जलवायु सम्मेलन - 1979 प्रथम पृथ्वी शिखर सम्मेलन - एजेण्डा 21 पृथ्वी शिखर सम्मेलन + 5 - 1997

**62 . ' अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष ' के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन - सा कथन सही है ?**

(A) यह किसी भी देश को ऋण प्रदान कर सकता है।

(B) यह केवल विकसित देशों को ही ऋण प्रदान कर सकता है।

**(C) यह केवल सदस्य देशों को ही ऋण प्रदान करता है।**

(D) यह किसी देश के केन्द्रीय बैंक को ऋण प्रदान करता है।

**व्याख्या** - अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (IMF) केवल अपने सदस्य देशों को ही ऋण प्रदान करता है।

**63 . 2016 में हुई भारत - जिम्बाब्वे एक - दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में ' मैन ऑफ द सीरीज ' किसे घोषित किया गया ?**

(A) जसप्रीत बुमराह (B) विराट कोहली

(C) अजिंक्य रहाणे **(D) के . एल . राहुल**

**64 . आई . पी . एल . - 9 (2016) का फाइनल मैच किस राज्य के स्टेडियम में खेला गया था ?**

**(A) कर्नाटक** (B) महाराष्ट्र

(C) हरियाणा (D) पश्चिम बंगाल

**व्याख्या** - IPL - 9 (2016) का फायनल मैच बेंगलुरु (कर्नाटक राज्य) में खेला गया था जिसमें सनराइज हैदराबाद ने रॉयल चेलेंजर बेंगलुरु को हराकर खीताब जीता।

**65 . रश्मिरेखा नामक पुस्तक का लेखक कौन था ?**

(A) गजानन माधव मुक्तिबोध '

**(B) बालकृष्ण शर्मा ' नवीन '**

(C) हरिशंकर परसाई (D) भवानी प्रसाद मिश्र

**व्याख्या** - रश्मिरेखा , अपलक , क्वासि , हम विषपायी जनम के बालकृष्ण शर्मा ' नवीन ' की रचनाएँ है।

**66 . चन्द्रशेखर आजाद का जन्म मध्यप्रदेश के किस जिले में हुआ था ?**

(A) खरगोन (B) ग्वालियर

**(C) झाबुआ** (D) सतना

**व्याख्या** - उपर्युक्त विकल्पों के अनुसार चंद्रशेखर आजाद का जन्म भाबरा (जिला अलीराजपुर) में हुआ था। जो पूर्व में झाबुआ जिले के अंतर्गत शामिल था।

**67 . इनमें से कौन परमार वंश का शासक नहीं था ?**

(A) उपेन्द्र (B) मुंज

**(C) गांगेयदेव** (D) उदयादित्य

**व्याख्या** - गांगेयदेव कलचुरी वंश का शासक रहा है जबकि उपेन्द्र , मुंज , भोज एवं उदयादित्य परमार वंश के शासक थे।

**68 . धंगदेव किस वंश का शासक था ?**

**(A) जेजाकभुक्ति के चंदेल** (B) मालवा के परमार

(C) महिष्मति के कलचुरी (D) त्रिपुरी के कलचुरी

**व्याख्या** - धंगदेव जेजाकभुक्ति (खजुराहो) के चंदेल राजवंश का शासक था।

**69 . हबीब तनवीर का जन्म निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुआ था ?**

**(A) रायपुर** (B) झाबुआ

(C) इन्दौर (D) रतलाम

**व्याख्या** - प्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर का जन्म रायपुर (छत्तीसगढ़ा में हुआ था।

**70 . अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम , 1989 के अन्तर्गत किस धारा में विशेष न्यायालय की व्यवस्था का प्रावधान है ?**

**(A) 14** (B) 17

(C) 21 (1) (D) 21 (3)

**व्याख्या** - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम 1989 के अंतर्गत अनुच्छेद 14 में विशेष न्यायालय की व्यवस्था का प्रावधान है।

**71 . अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम , 1989 के अंतर्गत किए अपराधों - के लिए जाँच अधिकारी कितने दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगा ?**

(A) 15 (B) 20

(C) 25 **(D) 30**

**व्याख्या** - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम 1989 के अंतर्गत किये गये अपराधों के लिए जाँच अधिकारी 30 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेंगा।

**72. निम्नलिखित में से कौन - सा ब्राह्मण ग्रन्थ ऋग्वेद से सम्बंधित है ?**

**(A) ऐतरेय ब्राह्मण** (B) गोपथ ब्राह्मण
(C) शतपथ ब्राह्मण (D) तैत्तिरीय ब्राह्मण

**व्याख्या** - ऐतरेय एवं कौषितिकी ब्राह्मण प्राग्वेद से सम्बंधित है।

**73. ' वस्तु एवं सेवा कर ' एक टास्क फोर्स द्वारा प्रस्तावित किया गया था , जिसके अध्यक्ष थे**

**(A) विजय केलकर** (B) मोटेकसिंह अहलूवालिया
(C) अरुण जेटली (D) नरसिम्हा

**व्याख्या** - वस्तु एवं सेवा कर (GST) एक स्टाक फोर्स (2009) द्वारा प्रस्तावित किया था , जिसके अध्यक्ष विजय केलकर थे।

**74. मूल कर्तव्यों का उल्लेख संविधान में कब किया गया ?**

(A) संविधान निर्माण के समय
(B) 26 जनवरी , 1950 को
**(C) 42वें संविधान संशोधन में**
(D) 41वें संविधान संशोधन में

**व्याख्या** - मूल कर्तव्यों का उल्लेख भारतीय संविधान में वर्ष 1976 में 42वें संविधान संशोधन द्वारा पूर्व सोवियत संघ (रूस) के संविधान से प्रभावित होकर स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश के आधार पर किया।

**75. राज्य और केन्द्रीय सरकार को प्राधिकार प्राप्त होता है-**

**(A) भारत के संविधान से** (B) भारत के राष्ट्रपति से
(C) भारत के प्रधानमंत्री से (D) भारत की संसद से

**व्याख्या** - राज्य और केन्द्रीय सरकार को भारत के संविधान से प्राधिकार प्राप्त होता है।

**76. निम्नलिखित में से किसे एक दबाव समूह माना जा सकता है ?**

(A) लोकसभा के सदस्य
(B) पंचायत के सदस्य
(C) मंत्रिमण्डल के सदस्य
**(D) मजदूर संघ के सदस्य**

**व्याख्या** - उपर्युक्त विकल्पों में से मजदूर संघ के सदस्यों को एक दबाव समूह माना जा सकता है।

**77. www का आविष्कारक कौन है ?**

(A) बिल गेट्स **(B) टिम बर्नर्स - ली**
(C) टिमोथी बिल (D) रे टोमलिसन

**व्याख्या** - www का अविष्कारक टिम बर्नर्स ली है जबकि E - maill का अविष्कारक रे टोमलिंसन है।

**78. किसी बल्लेबाज द्वारा क्रिकेट की गेंद को मारने पर गेंद समतल जमीन पर लुढ़कती है। कुछ दूर लुढ़कने के पश्चात् गेंद रुक जाती है। गेंद रुकने के लिए धीमी होती है , क्योंकि-**

(A) बल्लेबाज में गेंद को पर्याप्त प्रयास से हिट नहीं किया
(B) वेग , गेंद पर लगाए गए बल के समानुपाती है।
**(C) गेंद पर गति की दिशा के विपरीत एक बल कार्य कर रहा है।**
(D) गेंद पर कोई असंतुलित बल कार्यरत नहीं है , अत: गेंद विरामावस्था में आने के लिए प्रयासरत है

**व्याख्या** - किसी बल्लेबाज द्वारा क्रिकेट की गेंद को मारने पर गेंद समतल जमीन पर लुढ़कती है कुछ दूर लुढ़कने के बाद गेंद रुक जाती है क्योंकि गेंद पर गति की दिशा के विपरीत एक बल कार्य कर रहा है।

**79. मांडू में स्थित जंतर महल का निर्माण इनमें से किस शासक ने करवाया था ?**

(A) महमूद शाह खिलजी (B) अलाउद्दीन खिलजी
(C) भोज परमार (D) होशंग शाह

**व्याख्या - क्योंकि माण्डू में जंतर महल नहीं बल्कि जहाज महल है। उपर्युक्त प्रश्न को आयोग ने डिलीट कर दिया है**

**80. आइन - उल - मुल्क मुल्तानी ने इनमें से किस शासक के अधीन सेवा नहीं की थी ?**

(A) अलाउद्दीन खिलजी
(B) मुहम्मद बिन तुगलक
(C) फीरोज तुगलक
**(D) इल्तुतमिश**


Contact no:-0522-4334408, 6307281212 6307281212,Email id: smartwayeducation.in@gmail.com
MM-4/34,VINAY KHAND-4, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, U.P. 226010

**व्याख्या** - आइन - उल मुल्क मुल्तानी ने इल्तुतमिश शासक के अधीन सेवा नहीं की जबकि अलाउद्दीन खिलजी मुहम्मद बिन तुगलक एवं फीरोज तुगलक के अधीन सेवा की थी।

**81 . निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?**

(A) स्विट्जरलैंड का राष्ट्रपति - जोहान श्नाइटर - अम्मान

(B) मेक्सिको का राष्ट्रपति - एनरिक पेना नीटो

(C) नामीबिया का राष्ट्रपति - हेग गीन्गोब

**(D) कोटे डी आइवरी का राष्ट्रपति - एंजेला मर्केल**

**व्याख्या** - उपर्युक्त विकल्प (D) सही सुमेलित नहीं है , एंजेला मर्केल जर्मनी की चांसलर है जबकि कोटे डी आइवरी के राष्ट्रपति एलाससने ओअट्टारा है।

**82 . निम्नलिखित में से कौन - सी पर्वत शृंखला भारत में केवल एक राज्य में फैली है ?**

(A) अरावली (B) सतपुड़ा

**(C) अजन्ता** (D) सह्याद्रि

**व्याख्या** - अजंता पर्वत श्रृंखला केवल भारत के एक ही राज्य महाराष्ट्र में फैली है।

**83 . राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल होता है-**

(A) 3 वर्ष (B) 4 वर्ष

**(C) 5 वर्ष** (D) 6 वर्ष

**व्याख्या** - राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल - 5 वर्ष का होता है।

**84 . इनमें से वह प्रथम नेता कौन था , जिसने भारत में मजदूर आन्दोलन को संगठित किया ?**

(A) बी . पी . वालिया (B) लाला लाजपत राय

**(C) एन . एम . लोखण्डी** (D) एन . जी . रंगा

**व्याख्या** - एन . एम . लोखण्डी प्रथम नेता था , जिसने भारतीय मजदूर आंदोलन को संगठित किया (आयोग द्वारा जारी आन्सरशीट के अनुसार)

**85 . जो रूट किस खेल से सम्बंधित हैं ?**

**(A) क्रिकेट** (B) शतरंज

(C) पोलो (D) गॉल्फ

**व्याख्या** - जो रूट क्रिकेट खेल से सम्बंधित है जो रूट इंग्लैण्ड के क्रिकेटर है।

**86 . प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैकोब जूमा से जुलाई 2016 में मिले , जो हैं-**

(A) नामीबिया के राष्ट्रपति (B) कतर के राष्ट्रपति

(C) मेक्सिको के राष्ट्रपति **(D) दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति**

**व्याख्या** - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जुलाई 2016 में जैकोब जुमा से मिले थे , वे दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति है।

**87 . फुटबॉल के मोहन बागान क्लब की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?**

(A) 1850 (B) 1879

**(C) 1889** (D) 1901

**व्याख्या** - भारत के फुटबॉल के मोहन बागान क्लब की स्थापना सन् 1889 कोलकाता में हुई थी।

**88 . मई 2016 में निम्नलिखित में से किस देश में पहली बार महिला राष्ट्रपति बनी ?**

**(A) ताइवान** (B) म्यांमार

(C) अंगोला (D) नामीबिया

**व्याख्या** - मई 2016 में सांई इंग वेन ताइवान की पहली महिला राष्ट्रपति बनी।

**89 . 2016 के फ्रेंच ओपन का पुरुष एकल का खिताब किसने जीता ?**

(A) इवान डोडिज **(B) नोवाक जोकोविक**

(C) ऐन्डी मरे (D) रोजर फेडरर

**व्याख्या** - वर्ष 2016 के फ्रेंच ओपन का पुरुष एकल खिताब नोबाक जोकोविक ने गार्बिन मुगुरूज को हराकर जीता।

**90 . मनोहर आइच को ' पॉकिट हर्क्यूलिस' कहा जाता था। वे थे , एक-**

(A) मुक्केबाज (B) एथलीट

(C) तैराक **(D) बॉडी बिल्डर**

**व्याख्या** - मनोहर आइच एक बॉडी बिल्डर हैं , जिन्हें पॉकिट हर्क्यूलिस कहा जाता है।

**91 . रंजीत सब - 1 ' एवं ' बहादुर सब - 1 ' क्या हैं ?**

(A) दो लड़ाकू विमान (B) दो पनडुब्बियाँ

**(C) धान की दो नई किस्में** (D) गेहूँ की दो नई किस्में

**व्याख्या** - रंजीत सब - 1 एवं बहादुर सब - 1 धान की दो नई किस्में हैं।

**92 . मई 2016 में रॉड्रिगो ड्यूटेर्ट किस देश के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए ?**

(A) थाईलैंड (B) स्विट्जरलैंड
(C) मेक्सिको **(D) फिलिपीन्स**

**व्याख्या** - मई 2016 में रॉड्रिगो ड्यूटेर्ट फिलीपींस के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।

**93 . 27 मई , 2016 को ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की शपथ किसने दिलवाई ?**

(A) राम नाइक **(B) केसरीनाथ त्रिपाठी**
(C) टी . एस . ठाकुर (D) पी . सदाशिवम

**व्याख्या** - 27 मई 2016 को ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल की शपथ केसरीनाथ त्रिपाठी ने दिलवाई।

**94 . स्टेट डाटा सेंटर (एस . डी . सी .) प्रारम्भ करने वाला पहला भारतीय राज्य है -**

(A) तेलंगाना (B) राजस्थान
(C) छत्तीसगढ़ **(D) हिमाचल प्रदेश**

**व्याख्या** - स्टेट डाटा सेंटर (एस . डी . सी .) प्रारम्भ करने वाला पहला भारतीय राज्य हिमाचल प्रदेश है।

**95 . 2016 में भारतीय जनता पार्टी ने निम्नलिखित में से किस राज्य में पहली बार सरकार बनाई ?**

**(A) असम** (B) राजस्थान
(C) केरल (D) ओडिशा

**व्याख्या** - वर्ष 2016 में भारतीय जनता पार्टी ने असम राज्य में पहली बार सरकार बनाई।

**96 . भवानीप्रसाद मिश्र का जन्म - स्थान था -**

(A) सागर (B) उज्जैन
(C) इन्दौर **(D) होशंगाबाद**

**व्याख्या** - पं . भवानीप्रसाद मिश्र का जन्म स्थान होशंगाबाद था।

**97 . सुनील लाम्बा हैं -**

(A) मसीहा उपन्यास के लेखक
(B) हिन्दी के एक प्रसिद्ध उपन्यासकार
**(C) भारत के 23वें नौसेना प्रमुख**
(D) सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक

**व्याख्या** - सुनील लाम्बा भारत के 23वें नौसेना प्रमुख (अध्यक्ष) नियुक्त किये गये हैं।

**98 . जून 2016 में इनमें से किन्हें विश्व के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन ' इन्टरनेशनल चेम्बर ऑफ कॉमर्स ' का अध्यक्ष चुना गया ?**

(A) मुकेश अम्बानी (B) आदि गोदरेज
(C) लक्ष्मीनारायण मित्तल **(D) सुनील भारती मित्तल**

**व्याख्या** - जून 2016 में सबसे बड़े व्यापारिक संगठन ' इन्टररनेशनल चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स ' का अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को चुना गया है।

**99 . भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना कब हुई ?**

(A) 1954 **(B) 1955**
(C) 1956 (D) 1957

**व्याख्या** - भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की स्थापना वर्ष 1955 में की गई थी।

**100 . दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त, बी. एस. बस्सी को मई 2016 में किस पद पर नियुक्त किया गया ?**

(A) संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष
(B) मेघालय का गवर्नर
(C) सीमा सुरक्षा बल का महानिदेशक
**(D) संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य**

**व्याख्या** - दिल्ली के पूर्व पुलिस आयक्त बी. एस. बस्सी को मई 2016 में संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है।